Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 12-08-2005

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title : Need to release funds for Sarva Shiksha Abhiyan in Uttar pradesh under Tenth Plan.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : महोदय, अभी हम लोग थोड़ी देर पहले चाइल्ड लेबर की बातें कह रहे थे और केंद्र सरकार ने भी सर्व शिक्षा अभियान तथा विभिन्न अभियानों के तहत राज्यों को सहायता दी है। लेकिन मेरे उत्तर प्रदेश के अंदर जो समस्या है, उसकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्ति कराना चाहता हूं। वहां 10+2 की परीक्षा में केंद्र द्वारा स्पोंसर्ड स्कीम वोकेशनल एजुकेशन की सेकैंडरी क्लासेस के लिए जो राशि पिछले र्वा 2004-05 में दी जानी थी, वह आज तक नहीं दी गई है। इससे सैंकड़ों की तादाद में अध्यापकों का काम खत्म हो गया है और जो बच्चे पढ़ रहे थे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हुई है।

मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि इस ओर ध्यान दें और इन योजनाओं के अंतर्गत सभी बच्चों को शिक्षा देना चाहते हैं, सभी बच्चों को पढ़ाई कराना चाहते हैं, जो हम ग्रांट रिलीज कर रहे हैं, अगर वही रिलीज नहीं कर पाएंगे, तो कैसे काम आगे बढ़ सकेगा। इसलिए मेरा आग्रह है कि इस ओर केंद्र सरकार ध्यान दे और केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री जी उत्तर प्रदेश के लिए जो ग्रांट दी जानी है, जो लगभग 400 करोड़ है और 2004-05 में रिलीज न होने के कारण इस किस्म की शिक्षा प्रभावित हो रही है, वे इस ओर ध्यान दे कर शीघ्र ही प्रभावी कार्यवाही करें। धन्यवाद।